# नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के लिए

# वर्तमान एवं नियोजित उपाय

# एम्प्लाइज रिट्रेनिंग बोर्ड

सम्बन्धित सेवाएं

- इम्प्लॉईई रिट्रेनिंग बोर्ड (कर्मचारी पुनर्प्रशिक्षण बोर्ड) (ERB) स्थानीय कर्मचारियों के कौशल, रोजगार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए ″कौशल-आधारित″ प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है। पूर्णकालिक नियोजन-संबंधी पाठ्यक्रम, अंशकालिक कौशल उन्नयन और सामान्य कौशल पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य बेरोजगारों को नौकरी दिलाने में मदद करना और कर्मचारियों को नए कौशल हासिल करने और उनके कौशल को उन्नत करने में सहायता करना है।

मौजूदा उपाय

<u>भिन्न नस्ल के लोगों को उपयुक्त पाठ्यक्रम प्रदान करना</u>

- विभिन्न जातियों के लोगों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, कुछ पाठ्यक्रम अंग्रेजी में भी उपलब्ध कराए जाते हैं। कक्षा शुरू करने में अधिक कार्यशीलता प्रदान करने के लिए, आमतौर पर कक्षाओं को कम लोगों वाले ग्रूप में आयोजित किया जाता है।

- ERB ने विभिन्न जातियों के लोगों की अपने संवाद से जुड़ी रुकावटों से बाहर निकलने में सहायता करने और भाषा पाठ्यक्रम को व्यवहारिकता से सम्पन्न करके व भाषा पाठ्यक्रमों को जोड़कर उनकी रोज़गार पाने की योग्यता को बढ़ाने के दृष्टिकोण से अपने भाषा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का व्यापक रूप से परीक्षण करने के लिए "टास्क फोर्स फॉर रिव्यूइंग लैंगवेज़ कोर्स" की स्थापना की है। ERB विभिन्न जतियों के लोगों के लिए चीनी भाषा में प्रशिक्षण में अपनी सहायता को मज़बूत करता रहेगा और सामाजिक समन्वय और रोज़गार के उद्देश्य से, अपनी चीनी दक्षता को बढ़ाने के लिए एक ढांचागत चीनी भाषा प्रशिक्षण योजना बनाएगा।

- ERB युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक समर्पित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो 15 से 29 वर्ष की आयु वाले संजातीय अल्पसंख्यकों के बेरोजगार युवाओं पर लक्षित है।

- ERB ने भिन्न नस्ल के लोगों की प्रशिक्षण एवं नियोजन आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए, तथा भिन्न नस्ल के लोगों में ERB पाठ्यक्रम एवं सेवाओं का प्रचार करने वाली रणनीतियों के बारे परामर्श देने के लिए एक ″संजातीय अल्पसंख्यकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर फोकस समूह″ का निर्माण किया है। इन फोकस समूह में संजातीय अल्पसंख्यक समूह, सामाजिक सेवा संगठन, प्रशिक्षण निकाय (TBs), नियोजक एवं सुसंगत सरकारी निकाय शामिल हैं। ERB फोकस समूह के परामर्श के संदर्भ के साथ भिन्न नस्ल के लोगों के लिए नए पाठ्यक्रम विकसित करना जारी रखेगा।

<u>विशेष उपाय एवं सहायता सेवाएं</u>

- ERB प्रशिक्षण निकायों (TBs) से अनुरोध करता है कि वे विभिन्न जातियों के लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए अंग्रेजी बोलने वाले कर्मचारियों की व्यवस्था करें तथा TBs को ERB की सेवाएं प्रदान करते समय गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुवाद और व्याख्या सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। जहां आवश्यक हो, कक्षा में दोनों अंग्रेजी और अल्पसंख्यक जातीय भाषाएं बोलने वाले शिक्षण सहायकों द्वारा व्याख्या सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

- वे प्रशिक्षु जिन्होंने समर्पित जातीय अल्पसंख्यकों के लिए नियुक्ति से बँधे पाठ्यक्रम को पूरा कर लिया है, उन्हें छः माह की नियुक्ति फॉलो-अप सेवा प्रदान की जाती है।

- विभिन्न माध्यमों (गृह मामलों के विभाग (HAD) की "एम्बेसडर योजना" के तहत सामाजिक सेवा संगठन सहित) से विभिन्न जातीय समूहों को प्रचार पत्रक वितरण करने के लिए ERB अंग्रेजी और विभिन्न जातियों की भाषाओं में प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के प्रचार पत्रक के साथ ही अंग्रेजी में भी एक समर्पित प्रचार पत्रक भी प्रकाशित करता है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम विवरणिका अंग्रेजी में मुद्रित होती है और विज्ञापन समाचार पत्र, अंग्रेजी में डिजिटल

प्लेटफॉर्म और उर्दू में ऑनलाइन प्रकाशन में रखे जाते हैं।

- इसके प्रचार के प्रयत्नों को आगे बेहतर बनाने के लिए, ERB नृजातीय अल्पसंख्यकों के लिए सहायता सेवा केन्द्रों के सम्पर्क में हैं जिसका संचालन ग़ैरसरकारी संगठनों द्वारा और वित्तपोषण HAD द्वारा विभिन्न नस्लों के लोगों में ERB की सेवाओं की जानकारी के प्रचार के लिए किया जाता है। ERB नियमित रूप से नृजातीय अल्पसंख्यकों के लिए HAD द्वारा प्रकाशित "हांग कांग में सेवाओं के लिए आपकी निर्देशिका" में फ़ीचर की गयी ERB पाठ्यक्रमों और सेवाों की जानकारी को अद्यतन करता रहता है।

- ERB सेवा केंद्र में विभिन्न जातियों के लोगों के लिए लक्षित सहायता सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिसमें नौकरी की खोज और साक्षात्कार कौशल, कार्यस्थल की भाषाओं और उद्योग-आधारित कौशल अनुभव आदि पर समर्पित कार्यशालाएँ और समूह गतिविधियाँ शामिल हैं। सामाजिक सेवा संगठनों के सहयोग से, ERB विभिन्न जिलों में "ERB सर्विस स्पॉट" स्थापित करता है, ताकि ERB पाठ्यक्रमों के लिए पूछताछ और नामांकन सेवाएं प्रदान की जा सकें, उद्योग सेमिनार और टेस्टर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा सकें, और प्रशिक्षण परामर्श सेवा के लिए पंजीकरण करने के लिए विभिन्न जातियों के लोगों सहित जनता के सदस्यों की सहायता की जा सके।

- ERB की प्रशिक्षण परामर्श सेवा विभिन्न जातियों के लोगों को साक्षात्कार के माध्यम से उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं और नौकरी की आकांक्षाओं का आकलन करके ERB पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध है। प्रशिक्षण परामर्शदाता जिला संघों, धार्मिक सभा स्थलों, स्कूलों और विभिन्न जातियों के लोगों के सामाजिक सेवा संगठनों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क करते हैं ताकि ERB के पाठ्यक्रमों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जा सके।

- ERB TBs को ERB के पाठ्यक्रमों और विभिन्न उद्योगों के विकास के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए जिला-आधारित प्रचार गतिविधियों की एक विविध श्रृंखला आयोजित करने के

लिए वित्त पोषित करता है, जिसमें विभिन्न जातियों के लोगों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने वाली समर्पित गतिविधियां भी शामिल हैं। इसके अलावा, ″प्रशिक्षण सहायता सेवा सब्सिडी″ TBs को परिपूरक प्रशिक्षण सामग्री विकसित करने और विभिन्न जातियों के लोगों को शिक्षण सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

- स्कूल ना जाने वाले भिन्न नस्ल के लोग विशिष्ट ERB भाषा पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए HAD से सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं, जिसका उद्देश्य इस बात को प्रोत्साहन देना है कि उन्हें जीवन-पर्यंत लर्निंग के साथ जोड़ा जाए तथा उनके ट्रांसफरेबेल जॉब कौशल को बेहतर बनाया जाए।

- ERB मुख्यालय, ERB सेवा केंद्र, ERB सेवा स्पॉट, श्रम विभाग नौकरी केंद्रों और नामित गैर-सरकारी संगठन भागीदारों में "ERB ट्रेनिंग नेट" पाठ्यक्रम खोज टर्मिनल स्थापित करता है। विभिन्न जातियों के लोग ERB के पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण केंद्रों, सेवाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही टर्मिनलों के माध्यम से प्रशिक्षण परामर्श सेवा के लिए पंजीकरण भी करा सकते हैं।

- उनके भविष्य के अध्ययन और करियर की योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए, ERB विभिन्न जातियों के उच्च माध्यमिक स्कूल के छात्रों के लिए "स्कूल के लिए करियर वार्ता", "नमूना (टेस्टर) कार्यशालाएं" और "कंपनी के दौरे" आदि गतिविधियों का आयोजन करता है। विभिन्न क्षेत्रों के नियोक्ता प्रतिनिधियों और ERB प्रशिक्षकों को छात्रों के साथ करियर की संभावनाओं, काम के माहौल, आवश्यक कौशल और प्रवेश आवश्यकताओं के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ERB के प्रतिनिधि विभिन्न जातियों के छात्रों के लिए उपयुक्त ERB पाठ्यक्रम और सेवाएं भी प्रदान करते हैं।

<u>एम्पलाइज ट्रेनिंग</u>

- भिन्न नस्लों के लोगों की संस्कृति की समझ को बढ़ावा देने के लिए और उनको सेवा प्रदान करने में कर्मचारियों की

संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए, ERB विभिन्न संगठनों के सहयोग से ERB के कर्मचारियों, नियोक्ताओं और प्रशिक्षण निकायों की सांस्कृतिक विविधता, कार्यशालाओं का आयोजन करती है, जैसे "समान अवसर आयोग" ।

**भविष्य के कार्य का मूल्यांकन**

- ERB समय-समय पर विभिन्न जातियों के लोगों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और सेवाओं की समीक्षा करता है, तथा उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्पित पाठ्यक्रम और सेवाएं विकसित करने का प्रयत्न करता है। इस प्रक्रिया में ERB विभिन्न हितधारकों से विचार आमंत्रित करेगा, जिसमें अल्पसंख्यक जातीय लोगों के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर फोकस ग्रूप, प्रशिक्षु, प्रशिक्षण निकाय और तकनीकी सलाहकार शामिल होंगे। विभिन्न जातियों के लोगों द्वारा उपयोग की गई अनुवाद एवं व्याख्या सेवाओं के सांख्यिकीय आंकड़े भी एकत्र किए जाते हैं, ताकि भाषा सेवाओं के प्रति उनकी आवश्यकता को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

**किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय**

- कैंटोनीज़ भाषा बोल और समझ सकने वाले विभिन्न जातियों के लोगों को आम जनता के लिए अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने में सुविधा प्रदान करने के लिए, ERB अधिक चयनित पाठ्यक्रमों के लिए अंग्रेजी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना जारी रखेगा। यह विभिन्न जातियों के लोगों के लिए उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के विकास की भी संभावना जांच रहा है।

**पूछताछ**

- छताछ के लिए, कृपया ERB के प्रशिक्षण सलाहकार से संपर्क करें(टेलीफ़ोन: 6760 3801 / 6760 3608, ईमेल: erbhk@erb.org, फैक्स: 2369 8322).

**एम्प्लाइज रिट्रेनिंग बोर्ड**

**मई 2026**